


महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाते हुए शिक्षक। (छाया : रहमदीन)

# शिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

बराड़ा, 5 सितंबर (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की वंदना एवं दीप प्रज्जवलित कर हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पब्लिक गर्ल्स स्कूल बराड़ा के प्राचार्य दिलप्रीत सिंह व साईं एंजेल पब्लिक स्कूल की प्राचार्या निवेदिता ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कविता, गीत भाषण और गेम्स का आयोजन किया गया और सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के शीर्षक देकर उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा मनप्रीत के द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया तो वहीं डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्रा अनीता ने गाना सुनाया। कार्यक्रम में अनेक प्रकार की रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने कहा कि एक अध्यापक को अपना कार्य पूर्ण समर्पण के साथ करना चाहिए। कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए माता-पिता और गुरु का हमेशा सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का मतलब समझाया गया और बताया कि शिक्षक दिवस मनाना ही काफी नहीं है बल्कि हमें इसके सही मायने भी समझना चाहिए।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
06-Sep-2023
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20230906/27/9/1_1.cms

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

6 Sep 2023




# उपहार देकर सम्मानित किया

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शक्षिण महाविद्यालय में ह्यशक्षिक द्विवसह्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पब्लिक गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य दिलप्रीत सिंह व सांई एंजेल पब्लिक स्कूल की प्राचार्या निवेदिता ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कविता, गीत भाषण और गेम्स का आयोजन किया गया और सभी शक्षिकों को विभन्नि प्रकार के शीर्षक देकर उपहार से सम्मानित किया गया।

# शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

बराड़ा (अग्रमार्ग न्यूज)। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय मे 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मा की वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पब्लिक गर्ल्स स्कूल बराड़ा के प्राचार्य दिलप्रीत सिंह व साई एंजेल पब्लिक स्कूल की प्राचार्या निवेदिता ने शिरकत की। इस कार्यक्रम मे विद्यार्थियो द्वारा कविता, गीत भाषण और गेम्स का आयोजन किया गया और सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के शीर्षक देकर उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा मनप्रीत के द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया तो वही डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्रा अनीता ने गाना सुनाया। कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने कहा कि एक अध्यापक को अपना कार्य पूर्ण समर्पण के साथ करना चाहिए। कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान ने शिक्षक दिवस की बधाई दी। प्राचार्य डॉ रेनू सोहता द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का मतलब समझाया गया।

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

8 Sep 2023

# जन्माष्टमी पर छात्रों ने जमाया रंग

- कई स्पर्धाओं का हुआ शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर मॉडर्न एजुकेशन स्कूल अधोया से नीलम, कविता और स्वाति ने महाविद्यालय में शिरकत की। कॉलेज में आए हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं मटकी सजाओ, बांसुरी सजाओ , मिट्टी से कृष्ण राधा की मूर्ति बना, झूला सजाओ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र अध्यापकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके साथ ही नन्हे छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर श्री कृष्णा और राधा बने छात्राओं ने अपने नृत्य से मनमोहक समां बांध दिया। इसके साथ ही छात्रा अनामिका द्वारा अपने हाथों से श्री कृष्ण बनाकर प्रबंधक कमेटी और प्राचार्या को उपहार स्वरूप भेंट किया 7 छात्राओं ने अपने मनमोहक नृत्य और भजनों द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगाए। प्राचार्य डॉक्टर रेनू सहोता ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें भक्ति के साथ-साथ अपने कर्म करने के लिए प्रेरित करता है।



बराड़ा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

# बीएड कॉलेज में जन्माष्टमी पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई

जगमार्ग न्यूज



बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता के नेतृत्व में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर मॉडर्न एजुकेशन स्कूल अधोया से नीलम, कविता और स्वाति ने महाविद्यालय में शिरकत की । कॉलेज में आए हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं मटकी सजाओ, बांसुरी सजाओ, मिट्टी से कृष्ण राधा की मूर्ति बना, झूला सजाओ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही नन्हे मुन्ने छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर श्री कृष्णा और राधा बने छात्राओं ने अपने नृत्य से मनमोहक समां बांध दिया। इसके साथ ही छात्रा अनामिका द्वारा अपने हाथों से श्री कृष्ण बनाकर प्रबंधक कमेटी और प्राचार्या को उपहार स्वरूप भेंट किया 7 छात्राओं ने अपने मनमोहक नृत्य और भजनों द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर रेनू सोहता ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें भक्ति के साथ-साथ अपने कर्म करने के लिए प्रेरित करता है। कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने सभी को श्री कृष्ण के जीवन से आध्यात्मिक गुणों के साथ-साथ कर्म और भक्ति मार्ग को अपनाने की प्रेरणा दी।

# हिंदी दिलों को जोड़ने वाली भाषा: रेनू

जगमार्ग न्यूज



बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, संस्था के सचिव रमेश सांगवान और कॉलेज की प्राचार्या डॉ रेनू सहोता मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। हिंदी दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ, नारा लिखो, कविता पाठ, भाषण, निबंध लेखन, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। हिंदी के विकास और देवनागरी लिपि के संशोधन और सुधार पर विस्तार पूर्वक चर्चा हिंदी विभाग से डॉ ममता द्वारा की गई। बी.एड छात्रा नरगिस ने कविता के माध्यम हिंदी भाषा के प्रेम को अभिव्यक्त किया। शिवानी ने भी अपने भाषण में हिंदी भाषा को शिक्षा का आधार बताया। मनप्रीत, विकास ने हिंदी भाषा को मनोरंजक बनाने के लिए और छात्रों में रुचि जागृत करने के लिए पहेलियां बूझकर हिंदी भाषा के महत्व को बताया।

प्राचार्या डॉ रेनू सहोता ने हिंदी की महिमा बताते हुए कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है और पूरे विश्व में बोले जाने वाली भाषाओ में हिंदी का चौथा स्थान है। इसके साथ ही कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने कहा कि हिंदी दिलो को जोड कर अपने विचारो को दूसरो तक पहुचने के लिए सबसे अच्छी भाषा है। कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हिंदी भाषा को हिंदुस्तान के माथे की बिंदी की संज्ञा दी और कहा कि हिंदी ही भारतीय संस्कृति को आज तक जीवंत किए हुए है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

# हिंदी दिलों को जोड़ने वाली भाषा : रेनू

बराड़ा, 14 सितम्बर (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, संस्था के सचिव रमेश सांगवान और कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। हिंदी दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ, नारा लिखो, कविता पाठ, भाषण, निबंध लेखन, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। हिंदी के विकास और देवनागरी लिपि के संशोधन और सुधार पर विस्तार पूर्वक चर्चा हिंदी विभाग से डॉ. ममता द्वारा की गई। बी.एड छात्रा नरगिस ने कविता के माध्यम हिंदी भाषा के प्रेम को अभिव्यक्त किया। शिवानी ने भी अपने भाषण में हिंदी भाषा को शिक्षा का आधार बताया। मनप्रीत, विकास ने हिंदी भाषा को मनोरंजक बनाने के लिए और छात्रों में रुचि जागृत करने के लिए पहेलियां बूझकर हिंदी भाषा के महत्त्व को बताया। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने हिंदी की महिमा बताते हुए कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है और पूरे विश्व में बोले जाने वाली भाषाओं में हिंदी का चौथा स्थान है।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
15-Sep-2023
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20230915/27/9/1_1.cms



बैठक में भाग लेते हुए शिक्षक व अभिभावक। (छाया : रहमदीन)

# लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

बराड़ा, 30 सितम्बर (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा सहायक प्राध्यापिका पूजा रानी द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि सत्कार और मां सरस्वती की वंदना से की गई। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता देवी द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला गया और कहा कि यह बैठक विद्यार्थियों की प्रगति में महत्वपूर्ण साबित होती है जिसमें माता-पिता भी निसंकोच शिक्षक से अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के विषय में चर्चा कर सकते हैं। इस पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने आए हुए अतिथि गणों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थी संबंधी जानकारी तथा शिक्षण संस्थान द्वारा दी गई सुविधाओं पर चर्चा करना है। कॉलेज प्राचार्या ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित कक्षाओं के द्वारा हम प्रतिदिन कुछ नया सीखते हैं और कहा कि हमें नियमित रूप से कक्षाएं लगानी चाहिए और अभिभावकों को भी प्रेरित किया की वो अपने बच्चो को आगे बढ़ने में उनका सहयोग करे, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

अजीत समाचार 01-Oct-2023
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20231001/27/8/1_1.cms

# लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन

बराड़ा, (अग्रमार्ग न्यूज)। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया मे अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा सहायक प्राध्यापिका पूजा रानी द्वारा की गई । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि सत्कार और मां सरस्वती की वंदना से की गई। इस कार्यक्रम मे सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता देवी द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने आए हुए अतिथि गणों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थी संबंधी जानकारी तथा शिक्षण संस्थान द्वारा दी गई सुविधाओं पर चर्चा करना है। कॉलेज प्राचार्या ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित कक्षाओं के द्वारा हम प्रतिदिन कुछ नया सीखते हैं और कहा कि हमें नियमित रूप से कक्षाएं लगानी चाहिए और अभिभावकों को भी प्रेरित किया की वो अपने बच्चो को आगे बढ़ने में उनका सहयोग करे, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

# लार्ड कृष्णा कॉलेज में दिवाली उत्सव का आयोजन

बराड़ा, 9 नवम्बर (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा कॉलेज के प्रांगण में दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान व कॉलेज प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता के करकमलों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राम दरबार की बहुत ही सुंदर और भव्य झांकी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने बहुत सुंदर परिवेश धारण कर श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमान जी का स्वरुप प्रस्तुत किया जिसमें वह साक्षात् भगवान की भाँति ही प्रतीत हो रहे थे। उनमे आये हुए सभी जनों को भगवान के दर्शन हो रहे थे। कार्यक्रम में बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा दिवाली उत्सव को प्रदूषण मुक्त बनाने का संदेश कविता, नाटक व विभिन्न प्रकार के नारों द्वारा दिया गया। सहायक प्राध्यापक जगबीर व परवीन कुमार द्वारा बच्चों को दिवाली कि शुभकामनायें दी गई।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
10-Nov-2023
Page: 6
http://www.ajitsamachar.com/20231110/27/6/1_1.cms

# लार्ड कृष्णा कॉलेज में दीवाली उत्सव का किया गया आयोजन

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। लॉर्ड कृष्णा कॉलेज के प्रांगण में दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान व कॉलेज प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता के करकमलों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे राम दरबार की बहुत ही सुंदर और भव्य झांकी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई। विद्यार्थीयो ने बहुत सुंदर परिवेश धारण कर राम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमान जी का स्वरुप प्रस्तुत किया जिसमे वह साक्षात् भगवान की भाति ही प्रतीत हो रहे थे। उनमे आये हुए सभी जनों को भगवन के दर्शन हो रहे थे। कार्यक्रम मे बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा दिवाली उत्सव को प्रदूषण मुक्त बनाने का सन्देश कविता,नाटक व विभिन्न प्रकार के नारो द्वारा दिया गया। सहायक प्राध्यापक जगवीर व परवीन कुमार द्वारा बच्चों को दिवाली कि शुभकामनायें दी गयी व दिवाली को प्रदूषण मुक्त व सुरक्षात्मक रूप से मनाने पर जोर दिया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने अपने सुंदर शब्दों का प्रयोग करते हुए दिवाली उत्सव को मनाने का प्रयोजन व राम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान जी के सद्चरित्र पर प्रकाश डाला व विद्यार्थियो को अपने जीवन मे राम जी के सद्चरित्र से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया और विद्यार्थियो को दिवाली की शुभकामनायें दी। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने अपने वक्तव्य में राम जी के जीवन के बारे में बतलाया कि राम जी का व्यवहार बहुत ही मर्यादित व सीमित था। सभी विद्यार्थियों को मर्यादा पुरषोतम राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने ने सभी विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का सुझाव दिया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान व प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा सभी अध्यापक गणों व गैर शिक्षण स्टाफ को दिवाली के उपहार भेंट किये गए। कार्यक्रम का समापन राम स्तुति के द्वारा किया गया।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान पर सैमीनार आयोजित

बराड़ा, 24 जून (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान पर सैमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, नरेंदर कुमार व उनके सहयोगियों और रोटरी क्लब के प्रधान रवि कुमार, रमेश कुमार सांगवान, दिलप्रीत सिंह व अन्य रोटेरियन सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सहायक प्रधायापिका पूजा द्वारा मंच संचालन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के बारे में जागरूक करना था। कॉलेज प्राचार्या ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि किस आयु में युवा विद्यार्थी नशे का शिकार होते है, उन्होंने पीपीटी के माध्यम से यह भी बताया कि नशे से कौन कौन सी बीमारियां फैलती है और इस से बचाव कैसे किया जा सकता है। उन्होंने बताया की माता-पिता को अपने बच्चों के साथ समय बिताना होगा और उन्हें सही गलत के बारे में बताना होगा। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने बताया की आज के युवाओ का शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों से भी परिचित करवाना होगा तभी वो स्वयं को नशा छोड़ कर अपने परिवार से जुड़ पायेंगे पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि नशा शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को नष्ट कर देता है। नशे से बचने के लिए सरकार द्वारा बहुत से नशा मुक्ति केंद्र खोले गए है जहां व्यक्ति का सम्पूर्ण ईलाज किया जाता है। सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार, प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता और कृष्ण कुमार की बातों पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही छात्राध्यापकों में रजनी शर्मा, मनप्रीत कौर व शिवानी सचदेवा ने नशे से होने वाली परेशानियों व उनके निवारण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

अजीत समाचार 25-Jun-2023 Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20230625/27/8/1_1.cms

# लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे



क्रिसमस पर्व मनाते हुए कॉलेज स्टाफ व स्टूडैंट्स। (छाया : रहमदीन)

बराड़ा, 24 दिसम्बर (रहमदीन): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में बीते दिवस क्रिसमस का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधन समिति के चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान व प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने शिरकत की। क्रिसमस डे के अवसर पर कॉलेज प्रागंण को क्रिसमस ट्री तथा आकर्षक झाकियों से सजाया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान यीशु के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस अवसर पर बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल द्वारा इस त्यौहार के इतिहास पर भाषण दिया गया। इस अवसर पर बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा रचना ने कविता पाठ प्रस्तुत किया। अन्य छात्रों द्वारा क्रियात्मक गीत तथा नृत्य जैसी अनेक गतिविधिया प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रध्यापिका पूजा रानी द्वारा किया गया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने भगवान यीशु के जीवन से संबंधित कुछ प्रेरक प्रसंग विद्यार्थियो को सुनाये व विद्यार्थियों को इस त्यौहार की बहुत बहुत शुभकामनायें दी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने कहा की भगवान यीशु ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी है और मानवता की रक्षा की लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने बताया कि इस त्यौहार से हमें मानवता की सेवा करने की शिक्षा मिलती है तथा सभी विद्यार्थियों को मानवता की सेवा का सन्देश दिया। इस अवसर पर सभी अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
25-Dec-2023
Page: 7
http://www.ajitsamachar.com/20231225/27/7/1_1.cms

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के बलिदान को किया याद



बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को लार्ड कृष्णा की प्रबंधक समिति चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान, प्राचार्य डॉ रेनू सोहता, अध्यापको व विद्यार्थियो द्वारा सिक्ख समाज के दसवे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के बलिदान दिवस को मनाया गया। इस अवसर पर शहीदो की याद में सुखमनी साहिब के पाठ का आयोजन किया गया। पाठ का गुणगान पाठी गुरजीत सिंह व बी.एड. छात्रा जसविंदर कौर के द्वारा किया गया । पाठी बलबीर सिंह जी ने फतेह सिंह व जोरावर सिंह और माता गुर्जर कौर की कथा मार्मिक उच्चारण किया। गुरु ग्रंथ की वाणी में भी मानवता की सेवा और मानव प्रेम की बात को वर्णित किया गया है। गुरु गोबिंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह की कथा हमे यह संदेश देती है कि हमें अन्याय और अत्याचार के समक्ष नही झुकना चाहिए हमेशा वीरता पूर्वक उसका सामना करना चाहिए। इस कार्यक्रम में बच्चो महिलायो बजुर्गो व गुरुद्वारा समिति के प्रमुख सदस्यो ने भाग लिया और श्री गुरु गोबिंद सिंह के बलिदान को याद किया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान जी ने आए हुए सदस्यो को बताया की किस तरह गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने बच्चो की कुर्बानी दी और अपने धर्म की रक्षा की। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने बताया की वे लोग भाग्यवान होते है जिन्हे प्रभु भजन इस तरह के कार्यक्रम मे शामिल होने का अवसर मिलता है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने बताया की किस तरह जीवन को पूरी दृढ़ता के साथ जीना जरुरी है और एक अध्यापक के लिए धर्म पर चलना आवश्यक है। इस मौके पर प्रबंधक समिति ने प्रसाद व अन्य खाद्य सामग्री का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी तथा समाज के मुख्य सदस्य मौजूद रहे।

# दशम पिता के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरी लाहौरी गेट पहुंची

शाहाबाद मारकंडा, 27 दिसम्बर (विजय कुमार): श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में बुधवार को निकाली गई पहली प्रभातफेरी गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार से आरम्भ होकर गुरुद्वारा लाहौरी गेट किला सिखां में पहुंची। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कपूर सिंह सहित मोहल्ला वासी संगत ने पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब से निकलने के बाद आयोजित स्थल तक पहुंचते समय संगत ने आदि शब्दों का गायन किया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार के हजूरी रागी भाई गौतम सिंह और बीबी शरणजीत कौर शब्दी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। हेड ग्रंथी भाई सुबेग सिंह ने कथा में सिख नौजवानों को गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की शिक्षा का अनुसरण करने का संकल्प लेने के आग्रह किया। प्रभात फेरी में मंच का संचालन नरिंदर सिंह भिंडर ने किया।



शाहाबादः दशम पिता के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरी में भाग लेते हुए संगत। (छाया : विजय कुमार)

नौजवान सेवक सभा के प्रवक्ता भगवंत सिंह ने बताया कि वीरवार को दूसरी प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री नानक झीरा साहिब, कमेटी बाजार पहुंचेगी और शुक्रवार की तीसरी प्रभातफेरी मोहल्ला माजरी में जाएगी। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजक परिवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जय भारत मारुति में यूआईईटी के 6 विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

कुरुक्षेत्र, 27 दिसम्बर (रामपाल शर्मा): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में जय भारत मारुति प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु में छह विद्यार्थियों की प्लेसमेंट हुई। चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने बधाई दी। यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी और यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का यूआईईटी संस्थान ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के क्षेत्र में निरंतर बुलंदियों की ओर अग्रसर है क्योंकि संस्थान निरंतर विद्यार्थियों के हित के लिए प्रयासरत है।

अजीत समाचार 28-Dec-2023
Page: 10
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20231228/27/10/1_1.cms

# लार्ड कृष्णा शिक्षण कॉलेज में दो दिवसीय ललित कला प्रतियोगिता का आयोजन

जगमार्ग न्यूज



बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में दो दिवसीय ललित कला कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान , प्राचार्या डॉ रेनू सोहता तथा अन्य विद्यालयों से आए हुए अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने शिरकत किया। प्रथम सत्र के संसाधन व्यक्ति प्राध्यापक सुखविंदर सिंह (दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुनानगर रहे। जिनका विद्यार्थियों द्वारा पुष्प भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। उसके उपरांत मां सरस्वती की वंदना करते हुए कार्यक्रम शुरुआत की गई।कला में रेखाओं के विषय में बच्चों को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा की कला हमारे भावों की सौंदर्यमयी अभिव्यक्ति है। हमारे पर्यावरण में प्रकृति के अनेक मनोहरी रंग विद्यमान है जो हमारे हृदय को प्रफुलित करते हैं तथा सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं । ललित कला कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति के रूप में ललित कला प्राध्यापक राजीव कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अयोध्या रहे । चतुर्थ सत्र में प्रवीण कुमार लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अयोध्या ने चित्रकारी करते हुए सावधानियां पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवांश शैम्फोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा, कीर्ति डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिमला, पीयूष मॉडर्न एजुकेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अधोया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अर्शिया डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंवला, यशिका आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहरा, कशिश आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहरा और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी वंश गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा, सरबजीत मॉडर्न एजुकेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अधोया, आरव गोयल सिंफर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा रहे। संस्था के सचिव रमेश कुमार सांगवान, प्राचार्य डॉ रेनू सोहता द्वारा आए हुए मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अंतिम चरण में विजित विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# विद्यार्थियों को समावेशी शिक्षा का महत्व समझाया

बराड़ा, 5 फरवरी (रहमदीन): बीते सोमवार को लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विषय 'छात्र विविधता और समावेशी शिक्षा' रहा । इसमें मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. रुबल कलिता शिक्षा विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने शिरक्त की। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. ममता ने मंच संचालन किया और आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रूबल कलिता ने विद्यार्थी विविधता और समावेशी शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कक्षा कक्ष में विभिन्न प्रकार के छात्र-छात्राएं होते हैं जिनके लिए अध्यापक को उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ रूबल ने भारतीय शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के आयाम के माध्यम से समावेशी शिक्षा में होने वाले सुधारों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विशिष्ट विद्यार्थियों के लिए चलाई जाने वाले कार्यक्रमों पर भी पर भी प्रकाश डाला और कहा कि हमें कक्षा में सभी विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनके मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उनके पाठ्यक्रम का निर्माण करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी के लिए अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करते हुए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। शिक्षा को छात्र केंद्रित करने के लक्ष्य को मध्य नजर रखते हुए सरकार द्वार शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जाते हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए। जिस पर डॉ रूबल कलिता ने विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप कलम भेंट की। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रेनू सहोता ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि एक शिक्षक के रूप में हमारा व्यवहार हमेशा सकारात्मक एवं ऊर्जावान होना चाहिए जिससे विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि एवं अभिप्रेरणा के स्तर को उठाया जा सके। इस कार्यक्रम में सभी सहायक प्रोफेसर मौजूद रहे।



कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। (छाया : रहमदीन)

अजीत समाचार 06-Feb-2024
Page: 9
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240206/27/9/1_1.cms

# विद्यार्थियों को समावेशी शिक्षा का महत्व समझाया

रहमदीन

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। बीते सोमवार को लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विषय 'छात्र विविधता और समावेशी शिक्षा' रहा । इसमें मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ० रुबल कलिता शिक्षा विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने शिरक्त की। कार्यक्र म में संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान , सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम में डॉ ममता ने मंच संचालन किया और आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ रूबल कलिता ने विद्यार्थी विविधता और समावेशी शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कक्षा कक्ष में विभिन्न प्रकार के छात्र-छात्राएं होते हैं जिनके लिए अध्यापक को उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ रूबल ने भारतीय शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के आयाम के माध्यम से समावेशी शिक्षा में होने वाले सुधारों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विशिष्ट विद्यार्थियों के लिए चलाई जाने वाले कार्यक्रमों पर भी पर भी प्रकाश डाला और कहा कि हमें कक्षा में सभी विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनके मानसिक ,बौद्धिक, शारीरिक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उनके पाठ्यक्रम का निर्माण करना चाहिए । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी के लिए अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करते हुए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। शिक्षा को छात्र केंद्रित करने के लक्ष्य को मध्य नजर रखते हुए सरकार द्वार शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जाते हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए। जिस पर डॉ रूबल कलिता ने विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप कलम भेंट की। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रेनू सहोता ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि एक शिक्षक के रूप में हमारा व्यवहार हमेशा सकारात्मक एवं ऊर्जावान होना चाहिए जिससे विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि एवं अभिप्रेरणा के स्तर को उठाया जा सके। इस कार्यक्रम में सभी सहायक प्रोफ़ेसर मौजूद रहे।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala - 06 Feb 2024 - Page 4

# छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें शिक्षक

- लॉर्ड कृष्ण शिक्षण महाविद्यालय में आयोजित हुआ विस्तृत व्याख्यान



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य विषय 'छात्र विविधता और समावेशी शिक्षा' रहा। इसमें मुख्यअतिथि के तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ से डॉ. रुबल कलिता ने शिरकत की। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि ने विद्यार्थी विविधता और समावेशी शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कक्षा कक्ष में विभिन्न प्रकार के छात्र-छात्राएं होते हैं। इसके लिए अध्यापक को उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखना चाहिए। डॉ. रूबल ने भारतीय शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के आयाम के माध्यम से समावेशी शिक्षा में होने वाले सुधारों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विशिष्ट विद्यार्थियों के लिए चलाई जाने वाले कार्यक्रमों पर भी पर भी प्रकाश डाला। कहा कि हमें कक्षा में सभी विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनके मानसिक ,बौद्धिक, शारीरिक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उनके पाठ्यक्रम का निर्माण करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी के लिए अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करते हुए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। शिक्षा को छात्र केंद्रित करने के लक्ष्य को मध्य नजर रखते हुए सरकार द्वार शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जाते हैं।



मिलन समारोह के दौरान विद्यार्थी व कॉलेज स्टाफ। (छाया : रहमदीन)

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'मिलन समारोह कार्यक्रम' आयोजित

बराड़ा, 6 फरवरी (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'मिलन समारोह कार्यक्रम' का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजोखेड़ी के 22 विद्यार्थियों के साथ तीन अध्यापक बंसीलाल, जसविंदर कौर और चमोवीरका आई। इसके साथ ही राजकीय उच्च विद्यालय सुबरी से 15 विद्यार्थियों के साथ दो अध्यापक अश्वनी कुमार और वंदना पहुंची। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया और उन्हें महाविद्यालय के प्रांगण एवं परिसर का भ्रमण करवाया। विद्यार्थियों को कंप्यूटर लैब, सैमिनार हॉल, कला प्रयोगशाला, कक्षा कक्ष एवं पुस्तकालय का भ्रमण कराते हुए कॉलेज के सहायक प्रोफेसर जगवीर सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि उच्च शिक्षा के माध्यम से जीवन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा सरकार का यह मिलन कार्यक्रम चलाने का मुख्य उद्देश्य है छात्रों में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना और उनके मानसिक विकास में वृद्धि करना होता है। सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण के लिए जलपान व्यवस्था की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
07-Feb-2024
Page: 12
http://www.ajitsamachar.com/20240207/27/12/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 9-05-2024 - 09 May 2024 - Page 4

# विद्यार्थियों ने पांच स्कूलों का किया मुआयना

■ पोस्टर व स्लोगन लेखन में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग , स्लोगन लेखन और भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।



अंबाला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

इस दौरान कॉलेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान, प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता, रेड क्रॉस कार्यक्रम के संचालक जगबीर सिंह एवं बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने टीम बनाई। इस टीम ने खंड के 5 स्कूलों का दौरा किया जिसमें एसएमएस स्कूल , गार्गी स्कूल, विश्वकर्मा हाई स्कूल सोहना ,सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, सांई अकादमी अधोया का भ्रमण किया। टीम सदस्यों ने स्कूलों के स्टूडेंट्स को समाज से जुड़े अनेक विषयों के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के अध्यापक जगबीर सिंह ने कहा कि हेनरी डोनेट का जन्म 8 मई 1828 को स्विट्जरलैंड में हुआ था। प्रत्येक वर्ष 8 मई को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष 8 मई को हैनरी डोनेट के मानवता के प्रति किए गए कार्यों को याद किया जाता है। रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य विश्व में मानवता का संदेश देना है।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 21-05-2024 - 21 May 2024 - Page 4

# मिस बीएड का खिताब मनप्रीत को मिला, अनुष्का बनी मिस डीएलडी

- लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में आयोजित किया गया विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष और डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रक्षंधा और श्वेता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के रूप में अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान, कोष अध्यक्ष साहिब सांगवान, रितू सांगवान एवं कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता रही । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। सपना और शीतल द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। दिशा खन्ना द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। अमीषा, खुशी और दिलावर ने अपने नृत्य द्वारा पंजाबी सभ्यता के रंग बिखरे। अनुप्रिया ने अपने गीत के माध्यम से उत्तराखंड की सभ्यता को दर्शाया। शिवानी और अनुष्का ने भी अपने नृत्य द्वारा सबका मन मोह लिया।



बराड़ा। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

# लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन



बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान और कॉलेज की प्राचार्य डॉ रेनू सोहता ने शिरकत किया। वार्षिक खेल महोत्सव में बीएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस वार्षिक खेल महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं ( जिसमें 100 मीटर की दौड़, नीबू दौड़, तीन टांग दौड़, रास्ता कसी ) का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और खेल प्रतियोगिताओ का आनद लिया। छात्राओ में सपना, मनप्रीत , नरगिस, सिमरनजीत ,कोमल ,रचना ,अंजू आरती, रक्षंधा ,आशु ,कविता, प्रियंका, अनिता, शिवानी और अमीषा ने भाग लिया। 100 मीटर रेस में सपना प्रथम, मनप्रीत द्वितीय और शिवानी तृतीय स्थान पर रहे। छात्रों में अरुण, विकास, अरविन, सचिन, दिलावर, हितेश और सुमित ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विचित्र सभी विद्यार्थियों को मेडल और पुरस्कार भेंट किए गए। महाविद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए फल आहार की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में सभी अध्यापक मौजूद रहे।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 3-06-2024 - 03 Jun 2024 - Page 4

# 100 मीटर रेस में सपना ने मारी बाजी

- मनप्रीत दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान और कॉलेज की प्राचार्य डॉ रेनू सोहता ने शिरकत किया। इस वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ ध्वज आरोहण के साथ किया। खेल से पूर्व सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई जिसमें खिलाड़ियो ने खेल प्रतियोगिताओं को खेल भावना से खेलने की शपथ ली। वार्षिक खेल महोत्सव में बीएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस वार्षिक खेल महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं (जिसमें 100 मीटर की दौड़, नींबू दौड़, तीन टांग दौड़, रास्ता कसी ) का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढक़र भाग लिया और खेल प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। छात्राओं में सपना, मनप्रीत , नरगिस, सिमरनजीत ,कोमल ,रचना ,अंजू आरती, रक्षंधा ,आशु ,कविता, प्रियंका, अनिता, शिवानी और अमीषा ने भाग लिया। 100 मीटर रेस में सपना प्रथम, मनप्रीत द्वितीय और शिवानी तृतीय स्थान पर रहे। छात्रों में अरुण, विकास, अरविन, सचिन, दिलावर, हितेश और सुमित ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विचित्र सभी विद्यार्थियों को मेडल और पुरस्कार भेंट किए गए। महाविद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए फल आहार की व्यवस्था की गई।



बराड़ा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी समूह चित्र में।



बराड़ा: योग करते हुए कॉलेज स्टूडेंट्स व स्टाफ। (छाया : रहमदीन)

# लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में योग दिवस की धूम

बराड़ा, 21 जून (रहमदीन): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसका विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' जिसके आधार पर आज महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय पर सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं यह कार्यक्रम एनसीटीई के निर्देश अनुसार कराया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, संस्था के सचिव रमेश कुमार सांगवान और कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने शिरकत किया। कार्यक्रम में योगा प्रशिक्षक कुमारी तमन्ना द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया और इसके साथ ही सहायक प्रो. विभा गुप्ता द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से शिक्षार्थियो में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न की गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सहोता ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग हमारे शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ता है। योग हमारे शरीर को रोग मुक्त रखना है और नवीन ऊर्जा प्रदान करता है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ज्ञान योग ध्यान योग एवं कर्म योग नाम से तीन टीमें बनाई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने कहा की योग ही हमारे तन मन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे नए विचारों की भी उत्पत्ति का आधार होता है जो जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

अजीत समाचार 22-Jun-2024
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240622/27/8/1_1.cms